Std. V. Hindi Lang.

क्रिया

प्रश्न 1.क्रिया किसे कहते हैं?

उत्तर -- जिस शब्द से किसी काम का करना या होना पाया जाए ,उसे क्रिया कहते हैं ।जैसे - खाना ,सोना , पढ़ना आदि ।

प्रश्न 2.क्रिया के भेदों की परिभाषा उदाहरण सहित लिखें ।

उत्तर -- क्रिया के दो भेद होते हैं -

1.सकर्मक क्रिया

2.अकर्मक क्रिया

परिभाषा

1.सकर्मक क्रिया- जिस वाक्य में क्रिया के साथ कर्म हो तथा क्रिया से पहले 'क्या व किसको' लगाकर प्रश्न करने पर उत्तर मिले ,तो वह क्रिया सकर्मक क्रिया कहलाती है। जैसे - श्याम पुस्तक पढ़ता है ।वह क्रिकेट खेलता है।

2. अकर्मक क्रिया -- जिस वाक्य में क्रिया के साथ कर्म नहीं हो तथा क्रिया से पहले 'क्या व किसको' लगाने पर उतर न मिले , तो वह क्रिया अकर्मक क्रिया कहलाती है । जैसे -- श्याम पढ़ता है। वह खेलता है।

प्रश्न 3.निम्नलिखित वाक्यों में सकर्मक और अकर्मक क्रिया की पहचान करें।

(क) मैंने समाचार- पत्र पढ़ा। -- सकर्मक क्रिया

(ख) चौकीदार ने घंटी बजायी।-- -- सकर्मक क्रिया

(ग) मोर नाचता है। -- अकर्मक क्रिया

(घ) खरगोश गाजर खा रहा है।-- सकर्मक क्रिया

(ङ) तितली उड़ती है ।-- अकर्मक क्रिया

(च) माँ ने बच्चे को नहलाया । -- सकर्मक क्रिया

(छ) सोनल गाती है । -- अकर्मक क्रिया

(ज)सोनल गाना गाती है । -- सकर्मक क्रिया

(झ) मयंक नहा रहा है। -- अकर्मक क्रिया

(ञ) वह पुस्तक पढ़ेगा।-- सकर्मक क्रिया

(ट) लता टहलती है। -- अकर्मक क्रिया

(ठ) रत्ना दूध पीती है ।-- सकर्मक क्रिया

(ड)राजू सो रहा है। -- अकर्मक क्रिया

(ढ) नवीन नारियल खरीद रहा है।-- सकर्मक क्रिया

(ण) माँ ने कहानी सुनाई। -- सकर्मक क्रिया